हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 16 दिसंबर 2023

06 मांस की दुकानों पर दूसरे दिन भी की गई ...



07 नपा अमले ने महज दिखावे के लिए एक दिन चलाया...





## धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर, विवाह समारोह में डीजे की अनुमति लेना अनिवार्य

# प्रदेश शासन के आदेश के बाद धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार के लाउड स्पीकरों पर नियंत्रण के आदेश के बाद नलखेड़ा में भी प्रशासन एक्शन में नजर आया। नगर में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई है। प्रदेश सरकार के इस आदेश का पालन करवाने के लिए शुक्रवार को पुलिस थाने पर शांति समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें तहसीलदार द्वारा उपस्थित सभी जनों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए आदेश का पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई।

शुक्रवार को पुलिस थाने पर आयोजित शांति समिति की बैठक में तहसीलदार प्रीति भिंसे से एवं थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाने एवं कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का पालन करवाने के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर से नगर के सभी धार्मिक स्थलों के व्यवस्थापकों को गुरुवार को सूचना जारी की गई थी वहीं शुक्रवार को प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा इन स्थलों का औचक निरीक्षण भी



किया गया। बैठक में अधिकारियों ने नलखेड़ावासियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि औचक निरीक्षण के पूर्व ही धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटा लिया गया था। तहसीलदार ने सभी उपस्थित जनों से कहा कि वहां शासन के आदेश का सम्मान स्वागत करते हुए ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आये और धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर को निकालकर ध्वनि विस्तारक यंत्र के मानक अनुसार विधिवत उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बताया कि धार्मिक स्थलों पर शासन के आदेश अनुसार एक चिलम निर्धारित की गई आवाज में बजाई जा सकती है।

बैठक में उन्होंने सभी से आग्रह किया कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर, मैरिज गार्डन तथा विवाह समारोह में डीजे की अनुमति लेना अब अनिवार्य होगी होगी। इसके लिए तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर विधिवत अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की सलाह भी दी गई। तहसीलदार ने बताया कि शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान नगर के कुछ धार्मिक स्थानों पर लगे लाउड स्पीकर भी स्वेच्छा से संबंधित तो द्वारा उतारे गए।

### मांस, मछली, अंडे की दुकान मुख्य मार्ग पर नहीं लगेगी

शांति समिति की बैठक में तहसीलदार ने बताया कि शासन के आदेशानुसार अब मुख्य मार्गों पर मटन, मछली, अंडे का खुले में विक्रय नहीं किया जा सकता। यदि किसी के पास इस प्रकार की वस्तुओं के विक्रय करने की दुकान है तो वहां बिना लाइसेंस लिए इस प्रकार का व्यापार ना करें। तब तक वह अपनी दुकान बंद रखें यदि औचक निरीक्षण में इस प्रकार की दुकान पाई गई तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार का व्यापार करने वाले अपने आवेदन नगर परिषद में प्रस्तुत करें जहां से उन्हें एक सुनिश्चित जगह पर व्यापार करने की अनुमति प्रदान की जावेगी। लेकिन मुख्य मार्गों पर खुले में इस प्रकार का व्यापार नहीं किया जा सकता।

**पवित्र स्थल घोषित करने के लिए लिखा जाएगा :** बैठक में तहसीलदार ने बताया कि नलखेड़ा नगरी मां बगलामुखी के नाम से विख्यात है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश के अनेकों स्थानों के साथ विदेश से भी माता मंदिर आते हैं। बाहर से आने वाले भक्तों के मन में एक अच्छा संदेश इस नगर का जाए इसके लिए इस नगरी को पवित्र स्थल घोषित करने के लिए उनके द्वारा शासन को लिखा जाएगा।



### खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच व नमूना संग्रहण कर भोपाल लैब भेजा

**आगर मालवा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य विभाग के दल ने गुरुवार को होटल रॉयल किचन, मिडवे ट्रीट एमपी का निरीक्षण कर पनीर, चावल एवं धनिया पाउडर के सैंपल तथा शिकायती सूचना पर मां भदेड़ा मावा भंडार तनोडिया से मावा का सैंपल जांच के लिए एकत्रित कर जांच हेतु राज्य खाद्य लैब भोपाल भेजे है एवं कमियों पूर्ति और सुधार के लिए सुधार नोटिस दिया। 25 किलो मूल्य 5500 रुपए मावा जप्त कर नष्ट करवाया। जांच रिपोर्ट एवं विवेचना निष्कर्ष के बाद कार्यवाही की जाएगी। समय समय पर निर्माण तिथि एवम यूज बाय /बेस्ट बिफोर अवधि की जांच कर अवधि व्यतीत तत्काल हटा कर बेचने योग्य नहीं केवल वापसी के लिए संग्रहित रखकर ही रखे। किचन की 6 माह में एक बार पुताई करे इस जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी के एल कुंभकार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल शामिल रहे।

## 'बिना अनुमति व खुले में मांस व मछली का विक्रय नहीं हो'

### 15 दिसंबर से चलेगा विशेष जांच अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिले में किसी भी स्थान पर खुले में एवं बिना अनुमति के पशु मांस एवं मछली का विक्रय नहीं हो। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि जिले में 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक विशेष जांच अभियान चलाकर खुले में मासं एवं मछली के विक्रय को पूर्णतः बंद करें, मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच/दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था करवाएं, जो व्यक्ति अवैध अथवा नियम विरूद्ध व बिना अनुमति के मांस एवं मछली का विक्रय करें, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

### खुले और अनुपयोगी बोरवेल बंद करवाएं

कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में खुले एवं अनुपयोगी बोरवेल को बंद करवाये, इसके लिए सर्वे कर लिया जाए। कोई भी अनुपयोगी बोरवेल खुले नहीं छोड़े, ऐसे बोरवेल व्यवस्थित ढंग से बंद कर दें, जिससे की जनहानि नहीं हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, एसडीएम सत्येन्द्र बैरवा, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, पीओ डूडा पवन कुमार फुलफकीर, सीएमएचओ डॉ. राजेश गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया विश्व दिव्यांग दिवस, विजेताओं को किया पुरस्कृत

**आगर मालवा।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर गुरुवार को छावनी स्थित शसकीय स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह, विधायक मधु गेहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर, ओम मालवीय, भेरूसिंह चौहान की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित रांगोली, चेयर रेस, गायन प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक दामके द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। अल्पना विल्सन, जिला शिक्षा केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन रजनीश स्वर्णकार ने किया तथा आभार डीपीसी अनील दामके ने माना।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा भ्रमण कार्यक्रम में संशोधन

**आगर-मालवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत चारों जनपदों में 16 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने आंशिक संशोधन किया है। जारी आदेशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 16 दिसम्बर को ग्राम आमला में दोपहर 3 बजे से आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त अन्य ग्राम पंचायतों में 16 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम अन्य तिथियों में आयोजित होंगे, जिसमें जनपद पंचायत आगर की ग्राम पंचायत महुडिया में 21 दिसंबर को, जनपद पंचायत सुसनेर की ग्राम पंचायत बराई एवं गुराडियासोयत में 20 दिसंबर को, जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत ताखला एवं हिरणखेड़ी में 19 दिसंबर को तथा जनपद पंचायत बड़ौद की ग्राम पंचायत बराह एवं सुहागढ़ी में 21 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित होंगे। शेष कार्यक्रम यथावत रहेगा।

## जिला होमगार्ड कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड संभाग उज्जैन रोहिताश पाठक द्वारा शुक्रवार को होमगार्ड कार्यालय आगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। पाठक ने सर्वप्रथम परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर परेड की कमाण्ड कविता सोलंकी प्लाटून कमाण्डर द्वारा की गई। परेड में 04 प्लाटून सम्मिलित किये गये। इसके पश्चात किट परेड का निरीक्षण किया गया, किट लेआउट तथा किट सामग्री की साफ-सफाई अच्छे स्तर की रही है।

डिवीजनल कमाण्डेंट होमगार्ड पाठक ने सैनिक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन के दौरान डिवीजनल कमाण्डेंट ने उत्तम टर्नआउट एवं अनुशासन के लिए बधाई दी तथा मुख्यालय से जारी आदेश निर्देश से अवगत काया। साथ ही जवानों के स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित व्यायाम करने, अन्य विभागों में नौकरी के लिए अभ्यास एवं प्रयास करने की सलाह दी। होमगार्ड जवानों की समस्याओं को सुनकर निराकरण मौके पर किया गया। तदुपरांत परेड के सभी जवानो को शुभकामनाएं देते हुए सम्मेलन का समापन किया गया। इसके उपरांत कार्यालयीन लेखा, स्थापना, प्रशिक्षण, एम टी, आव्हान डियुटी, आपदा उपकरणों एवं भंडार शाखा सम्बन्धी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया।



### बिना अनुमति के अधिक साउंड में बज रहे बैंड को किया जब्त

**आगर मालवा।** मध्य प्रदेश शासन के आदेश के पालन मै बिना अनुमति के निर्धारित सीमा से अधिक साउंड सिस्टम लगाकर ध्वनि विस्तारक का प्रयोग करने पर कोलाहल अधिनियम की धारा 16 के अंतर्गत जनता बैंड (डीजे) को गाइड लाइन का पालन न करने पर थाना कोतवाली आगर ने विधिवत जप्त कर कार्यवाही की। ध्वनी विस्तारक यंत्रो का बिना अनुमति के अधिक आवाज में बजाने पर प्रशासन सख्त दिखाई दिया और पहले ही दिन निर्धारित आवाज से अधिक आवाज व बिना अनुमति के बज रहे बैण्ड पर जप्त कर कार्यवाही की गई।



**सोयत थाने पर एसडीएम ने ली बैठक**

## ध्वनि विस्तार यंत्रों को लेकर धर्मगुरुओं और डीजे संचालकों की बैठक आयोजित

**आगर-मालवा।** जिले में धार्मिक स्थान एवं अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड अनुसार ही ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग को लेकर शुक्रवार को एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढ़ोके ने थाना सोयत पर धर्मगुरूओं, डीजे संचालकों की बैठक लेकर लाउडस्पीकर एवं डीजे की विधिवत अनुमति लेकर एवं निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए बजाने हेतु अवगत करवाया गया। बैठक में एसडीओपी, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, सीएमओ नगर पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत, धर्मगुरू, डीजे संचालक आदि उपस्थित रहे।



## लोक नृत्य कलाकार दल का दूरदर्शन पर प्रसारण होगा

**नलखेड़ा।** नगर की सुप्रतिष्ठित संस्था संगीत जन कल्याण एवं शोध संस्थान समिति कबीर कुटी प्रतापपुरा नलखेड़ा के अध्यक्ष मांगीलाल कुलश्रेष्ठ ₹अमनर₹ एवं सचिव महेश कुलश्रेष्ठ के मालवी लोक गायन व मालवी मटकी लोक नृत्य दल की दूरदर्शन केंद्र भोपाल में सफलतापूर्वक लोक नृत्य गीतों की रिकॉर्डिंग हुई जिसका प्रसारण 1 जनवरी 2024 को दोपहर 1 बजे दूरदर्शन चैनल (डीडी एमपी) पर होगा। लोक नृत्य दल के साथी कलाकारों में मुख्य लोक नृत्यांगना सोनी मालवीय, ज्योति मालवीय, निशा मालवीय, आरती मालवीय, दिशा सक्सेना, संध्या गेहलोत, सुनीता मालवीय, शुभम वाघेला, राहुल मालवीय द्वारा नृत्य में तथा वाद्य संगत कलाकारों में गंगाराम मालवीय हारमोनियम, दिनेश देवड़ा हारमोनियम, माया वर्मा सह गायन, रवि मौर्य ढ़ोलक, सचिन मगोरिया बांगो, प्रवीण बगड़ावत ढ़ोल, मेहरबान चौहान मंजीरा, नैनसिंह चौहान घुंगरू ने संगत की सभी संस्था के कलाकारों ने दूरदर्शन केंद्र का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग को लेकर धर्म गुरुओं व डीजे संचालकों की बैठक

### सूचना के अभाव में मीडिया कर्मी रहे बैठक में अनुपस्थित



**कानड़।** शुक्रवार को थाना कानड़ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा पारित आदेश के परिपालन में नगर की पांच मस्जिदों व चार मंदिर एवं देहात की चार मस्जिद, देहात के 26 मंदिर में लगे लाउडस्पीकर एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे लाउडस्पीकर को हटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कानड़ टीआई लक्ष्मण सिंह देवड़ा, सीएमओ शिव सिंह चौहान, नायब तहसीलदार पुलकित जैन एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबुलाल बीजापारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश परिहार, शहर काजी सहित धर्म गुरु उपस्थित रहे। वहीं खुले में मीट मछली की दुकानों पर मांस की बिक्री के लिए आदेश जारी किए हैं कि खुले में अंडा और मिट ना बेचें अगर ऐसा पाया गया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे साउंड के उपयोग पर भी बगैर स्वीकृति के कोई डीजे साउंड नहीं बजाने की समझाइश दी गई।



### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं की बैठक ली

# बिना अनुमति उपयोग करने पर होगी कार्रवाई

**आगर मालवा।** जिले में धार्मिक स्थान एवं अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड अनुसार ही ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा, इसके लिए संबंधित एसडीएम से नियमानुसार अनुमति लेना होगी। बिना अनुमति एवं निर्धारित डेसिबल का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर बजाने पर संबंधित के विरुद्ध अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं की बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित मापदंडों का उल्लंघन करते हुए बजाए जाने वाले लाउडस्पीकर एवं डीजे की जांच हेतु उड़नदस्ते का गठन किया जाएगा, उड़न दस्ते नियमित और आकस्मिक रूप से धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों का जहां ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग होता है वहां का निरीक्षण करेंगे तथा नियमों का उल्लंघन की स्थिति में जांच कर प्रतिवेदन सौपेंगे। इसके लिए जिला स्तर पर अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी नामित किया है।



### लाउडस्पीकर का उपयोग अनुमति लेकर करें

कलेक्टर ने धर्मगुरुओं से कहा कि धार्मिक स्थानों पर लाउडस्पीकर का उपयोग विधिवत अनुमति लेकर एवं निर्धारित मापदंडों के अनुसार करने हेतु सहयोग अपेक्षित है। पूर्व से संचालित लाउडस्पीकरों की भी अनुमति लेकर उपयोग करें। आवासीय क्षेत्र में दिन के समय 55 डेसीबल एवं रात के समय 45 डेसीबल, औद्योगिक क्षेत्र में दिन के समय 75 डेसीबल, रात के समय 70 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में दिन के समय 65 डेसीबल एवं रात के समय 55 डेसीबल तथा शांत क्षेत्र में दिन के समय 50 डेसीबल एवं रात के समय 40 डेसीबल ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है, जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा- 15, मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जिले में लाउडस्पीकर एवं डीजे के उपयोग को लेकर जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा। सभी धर्म गुरूओ एवं डीजे संचालकों से अपेक्षा है कि मध्यम आकर एवं कम ध्वनि वाले डीजे एवं लाउडस्पीकर का प्रयोग संबंधित एसडीएम से अनुमति लेकर ही करें। पूर्व से लगे हुए लाउडस्पीकर उतार ले तथा अनुमति लेकर ही प्रयोग करें। बैठक में एसडीम सत्येंद्र बैरवा, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह तथा विभिन्न धर्मो के धर्म गुरु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने पांच को किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 05 आरोपियों को जिला बदर किया है। जिसमें वसीम पठान उर्फ वसीम काजी पिता जफर काजी उम्र 28 साल निवासी इटावा देवास को एक वर्ष, हलदुल उर्फ संतोष पिता कुंवर सिंह यादव उम्र 29 साल निवासी खातेगांव को एक वर्ष, जीवन पिता चंपालाल गुर्जर उम्र 41 साल निवासी मचवास को एक वर्ष तथा नदीम पठान उर्फ नदीम उल्लाह काजी पिता जफर काजी उम्र 26 साल निवासी इटावा देवास को एक वर्ष के लिए एवं गोलू उर्फ राकेश पिता रामचन्द्र राठौर उम्र 38 साल निवासी नेमावर को 06 माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि यह सभी आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### दैनिक वेतन कर्मचारी की सेवा समाप्त

**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने निगम संपत्ति विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सचिन सांगते के द्वारा अपने वार्ड क्षेत्र क्रमांक 41 से संपत्तिकर दाताओं से दिनांक 11 दिसंबर को राशी रुपए 136570 की राशि की वसूल की तथा दिनांक12 दिसंबर को 95886 रुपये की राशि वसूली। कुल कुल राशि रुपए 232256 की राशि की वसूली की। उक्त राशि दिनांक 14 दिसंबर तक निगम कोष में जमा नहीं कराई गईं, जिससे नगर निगम को आर्थिक हानि हुई । उक्त कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आने के कारण तथा सौंपे गए दायित्वो का निर्वाहन नही करने एवं कार्य मे घोर लापरवाही करने के कारण कर्मचारी सचिन सांगते की आयुक्त ने सेवा समाप्त की। इसी प्रकार प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक संजय सांगते को उनके अधीनस्थ कर्मचारी सचिन सांगते के उक्त कृत्य पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही करने व अपने अधीनस्थ वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत नहीं कराने के कारण नोटिस जारी किया गया।

### मुख्यमंत्री के आदेश का शहर में सख्ती से किया जा रहा पालन

# मांस की दुकानों पर दूसरे दिन भी की गई चालानी कार्रवाई, कई को किया सील

#### शासन निर्देशानुसार खुले मे नियम विरूद्ध चिकन मटन, मछली, अण्डे का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री के आदेश का देवास शहर में सख्ती से पालन किया जा रहा है। नगर निगम व खाद्य प्रशासन अमले ने लगातार दूसरे दिन अवैध रूप से संचालित होने वाले मांस दुकानों पर कार्रवाई कर उन्हें सील भी किया। इस दौरान नगर निगम कर्मचारियों द्वारा करीब 30 किलो मटन जब्त कर उसे फिनाइल डालकर नष्ट भी किया गया। शुक्रवार को संयुक्त रूप से टीम द्वारा उज्जैन रोड पर मटन मार्केट व रेलवे स्टेशन के पास कार्रवाई की गई। निगम अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

#### तीन सालों से नहीं हुआ नवीनीकरण

शहर में अधिकांश जगह चिकन, मटन व मछली की दुकानें संचालित होती है। कार्रवाई के दौरान अमले ने जब देखा तो जिन दुकान संचालकों के पास लाइसेंस मिले है। उनमें करीब तीन सालों से लाइसेंस का रिन्यूवल नहीं हुआ है। जो दुकानें चल रही थी सभी अवैध रूप से चल रही थी। नगर निगम उपायुक्त पुनीत शुक्ला ने बताया कि आज हमने उज्जैन रोड, रेलवे स्टेशन के आसपास कार्रवाई कर पूरे नगरीय क्षेत्र में ही कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशनुसार अवैध रूप से मांस, मटन, मछली दुकानें जिनके पास लाइसेंस नहीं है उनकी बिक्री पर प्रतिबंध घोषित किया गया है। जिसके चलते यह कार्रवाई की जा रही है। लाइसेंस रिन्यूवल की जो शर्ते है अगर सरकार द्वारा निर्धारण किया गया है अगर उन शर्तों का संबंधित विक्रेता पालन करता है तो उसे लाइसेंस तुरंत दे दिया जाएगा। पिछले तीन सालों में एक भी लाइसेंस रिन्यूवल नहीं हुआ। अभी तक 30 किलो सामग्री जब्त कर नष्ट की गई है। शाम तक कार्रवाई जारी रहेगी।

#### दुकानों पर कार्रवाई कर सील किया

शासन निर्देशानुसार खुले मे नियम विरूद्ध चिकन मटन, मछली, अण्डे का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही के निर्देशो के पालन मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देश पर 15 दिसम्बर शुक्रवार को निगम उपायुक्त डॉ. पुनित शुक्ला के द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर के साथ उज्जैन रोड अभिनव टाकिज के सामने के.पी. चिकन सेन्टर, तैयबी मार्केट आनंद नगर मे न्यू भारत मटन शाप, मालवा एकता मटन शाप, मालवा मटन शाप, ईटावा उज्जैन रोड पर राजेश्वरी झटका मटन शाप, स्टेशन रोड 52 दुकान पर स्थित अरसान चिकन शाप, बीएनपी रोड पर स्थित शाकिब चिकन शाप, कुरैशी मटन शाप से बकरे व चिकन का मटन नियम विरूद्ध विक्रय किये जा रहे लगभग 30 किलो मटन को जप्त किया गया एवं नगर पालिका निगम 1956 की धारा 227, 228 अन्तर्गत मटन को फिनाईल डालकर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई एवं रूपये 2 हजार की दण्डात्मक कार्यवाही कर राजस्व वसुला गया तथा दुकाने सील की गई एवं खाद विभाग की टीम द्वारा दुकानो का पंचनामा भी बनाया गया। कार्यवाही के दौरान निगम राजस्व अधिकारी प्रवीण पाठक, स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, स्वास्थ्य निरीक्षक भूषण पवार, दरोगा अबरार पठान व निगम की टीम साथ रही।



#### नव नियुक्त मुख्यमंत्री के निर्णय से जनता के बीच उत्साह का माहौलः शिवसेना

मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रथम कैबिनेट बैठक में अवैध रूप से शहर के अंदर संचालित हो रहे मांस मटन की दुकानों पर कार्रवाई के निर्देश और और लाउडस्पीकर को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश जनहितैषी होकर तारीफ के काबिल आदेश है। देवास में मटन चिकन मार्केट को लेकर शिवसेना व हिंदू संगठन कई दिनों से शहर के अंदर अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों को बंद करने की मांग कर रहा था। लेकिन नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा उन विषयों को दबाने का पूरा प्रयास किया जाता रहा। नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने जो जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया है वह जनता के लिए लाभकारी है। शिवसेना जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि देवास में 6 सालों से बिना अनुमति के मटन चिकन और पाड़ा कटाई का कार्य संचालित हो रहा है। लेकिन जनता की परेशानियों को प्रशासन दूर नहीं कर रहा था। वह उन अवैध कारोबारीयों का सपोर्ट कर रहा था। जिससे शहर के अंदर गंदा वातावरण निर्मित हो रहा था। शिवसेना व हिंदू संगठनों ने कई बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया तब जाकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा शिवसेना की शिकायत पर जांच कमेटी गठित की गई थी। एसडीएम द्वारा जांच संपूर्ण तैयारी कर ली थी लेकिन फिर राजनीतिक उत्साही लाल के दबाव में उनकी जांच को दबा दिया गया। लेकिन आखिरकार मुख्यमंत्री ने जनता की सुधली, गंदे वातावरण को ठीक करने का प्रयास करने का निर्देश जारी किये है। शिवसेना जिलाध्यक्ष वर्मा ने शहर के बीच में बना रहे मटन मार्केट पर भी आपत्ति ली है। मुख्यमंत्री के आदेशों को तक में रखते हुए देवास नगर निगम द्वारा धार्मिक स्थलो से 100 मी के दायरे में मटन मार्केट का निर्माण करवा रहा है। जबकि आदेश अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल के 100 मी की परिधि से दूर होना चाहिए। शहर के बीचों-बीच मांस विक्रय मार्केट का निर्माण कराना भी नियम विरुद्ध है। इस मार्केट का शिवसेना ने विरोध किया है, व आपत्ति लेते हुए कहा कि जब मछली मार्केट शहर से बाहर है तो शहर के बीच में इस प्रकार की मार्केट बनाना जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना जैसा है। इस मार्केट के पास में कई धार्मिक स्थल लगे हुए व छोटे-छोटे बच्चों का एक स्कूल भी है। लेकिन प्रशासन चंद लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए रहवासियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए मांस मटन की अवैध दुकानों के आदेश और नियमों का पालन देवास नगर निगम करती है या जिस तरह से अपनी सांठ-गांठ से पूर्व से अवैध कारोबार संचालित हो रहा है उसे बदस्तूर जारी रखती है।

# प्रशासन का एक्शनः अमले ने उतरवाए लाउड स्पीकर

### मंदिर-मस्जिद से हटाए लाउड स्पीकर



**देवास/हाटपीपल्या।** मस्जिद की मीनार पर लगे लाउड स्पीकर को हटाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/हाटपीपल्या

मध्य प्रदेश सरकार का धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर हटाने और खुले में मीट बेचने पर रोक लगने का आदेश जारी होते ही असर दिखने लगा है. शहर में शुक्रवार को मस्जिदो से लाउडस्पीकर उतारे गए। साथ ही मंदिरो से भी लाउडस्पीकर को हटाया गया। शासन के आदेश का सम्मान करते हुए मस्जिद और मंदिर से लाउडस्पीकर उतार लिए गए।

देवास शहर सहित सम्पूर्ण जिले में लाउडस्पीकर मंदिर और मस्जिदों से हटाए गए। प्रदेश में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आदेश का पालन करने के लिये प्रशासन शुक्रवार को मैदान में उतर गया और विभिन्न धार्मिक स्थलो से लाउड स्पीकर उतरवा दिए गए। बागली एस डी एम आनंद मालवीया एवं एस डी ओ पी सृष्टि भार्गव ने पुलिस थाने पर धार्मिक स्थलो से जुडे लोगो की एक बैठक ली और बैठक में शासन के आदेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अधिकारीद्वय ने बताया कि शासन के आदेशानुसार नागरिको के स्वास्थ को ध्यान मे रखते हुए धार्मिक स्थलो पर अनियंत्रित और बिना अनुमति के लगाए गए लाउडस्पीकरो को हटाया गया तथा डी जे प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही खुले में और बिना लायसेंस के मांस व मछली बेचने वालो पर भी कार्यवाही होगी। जिस पर बैठक में उपस्थित नागरिको ने सहमति व्यक्त की। उसके बाद अधिकारीद्वय ने रिमूवल अमले को साथ लेकर मस्जिदो व मंदिरो पर से लाउड स्पीकर उतरवाए। उधर नगर परिषद द्वारा भी मांस बेचने वाले 14 दुकानदारो को नोटिस जारी किए गए है। पालन न करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

# दो फर्म को एक साल के लिए किया ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में जल जीवन मिशन अन्तर्गत नल जल योजना में समय पर कार्य नहीं करने पर ठेकेदार मैसर्स चौधरी इन्टरप्राईजेस राजोदा और मैसर्स मनोज कुमार सिंह मोकमपुर, भोजपुर, ( बिहार ) को मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इन्दौर द्वारा एक वर्ष के लिए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। ठेकेदार आगामी एक वर्ष तक किसी भी विभाग की निविदा में भाग नही ले सकेगे। उल्लेखनीय हैं कि 13 दिसम्बर को कलेक्टर ऋषव द्वारा ग्राम कुमारिया, छापरी, छोटा टिगरिया, टिगरिया गोगा में ग्राम पंचायत के भ्रमण के दौरान ठेकेदार द्वारा 2 वर्ष व्यतीत होने पर भी नलजल योजना का कार्य पूर्ण नही करने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिये थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है, जिसको लेकर शासन की योजनाओं का लाभ प्रशासन के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बागली विधानसभा अंतर्गत किया जाना है। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ता एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि यह यात्रा विकसित भारत के संकल्प की यात्रा है, केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा जनहितेशी योजनाओं का जमीनी स्तर पर हितग्राहियों को कितना लाभ मिल रहा है और कितना लाभ हम दे सकते हैं, उसी उद्देश्य को लेकर यात्रा निकाली जा रही है।बागली एसडीएम आनंद मालवीया ने यात्रा के बारे में बताते हुए कहा है, कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सेक्टर वाईस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो यात्रा को लेकर ग्राम पंचायत में पहुंचेंगे और वहां पर तैयारी करेंगे, यात्रा के माध्यम से उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का भी लाभ दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले आमजन अपने काम को लेकर परेशान ना हो, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो, संतोषजनक व्यवहार किया जाए। बता दे की इशारों इशारों में विधायक भंवरा ने सभी अधिकारियों को संकेत दिया है कि आप अपनी कार्यप्रणाली सुधार ले ,लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एसडीएम आनंद मालवीय, जनपद सीईओ राजू मैडा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नाहर सिंह मुजाल्दे, उपाध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर ,नगर परिषद बागली अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, मंडल अध्यक्ष टीकेंद्र प्रताप सिंह, उदयनगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, जनपद सदस्य राजेश दुग्गड,मोतीलाल पटेल, युवा मोर्चा मंडल अंकुर कानूनगो ,जीवन दांगी, पार्षद मनीष खेरवाल, मोहनलाल मानधन्या,अमित धूलिया,पवन राठौर सही स्वस्थ विभाग,पीएचई, कृषि विकास, पीडब्ल्यूडी, महिला बाल विभाग,वन विभाग सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने रामाश्रय वृद्धाश्रम में शिविर लगाकर वृद्धजनों के स्वास्थ्य का किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.विष्णुलता उईके ने बताया की बुजुर्गो के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीएचसीई) के तहत रामाश्रय वृद्धाश्रम मक्सी रोड देवास में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर हृदय रोग, उच्च रक्त चाप व मधुमेह से बचाव के प्रति जागरूकता के साथ-साथ पौष्टिक आहार व जीवन शैली में परिवर्तन के लियें परामर्श देकर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ एम.पी.शर्मा और डॉ बीआर शुक्ला द्वारा वृद्धाश्रम बसेरा में सभी वृद्धजनों को स्वास्थ्य विभाग की और से ठण्ड के मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए फल, कंबल, इलेक्ट्रिक वाटर बैग, वूलन टोपी का वितरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयाँ वितरित की गई। टीम द्वारा नियमित रूप से वृद्धजनों का समय-समय पर जांच और उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में सिविल सर्जन डॉ एम.पी. शर्मा, डॉ बी.आर शुक्ला, नर्सिंग ऑफिसर पवन यादव, मुकेश चौधरी सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित था।

### गायत्री परिवार का अभिनव प्रयोग, कन्या कौशल शिविरों का कर रहा आयोजन

# बेटियां जन्मदिन पर पिता से उपहार में नशे को छुड़ाएः गायत्री परिवार






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में देशभर में नारी उत्थान एवं कन्या संरक्षण के लिए लगातार स्कूल, कालेजों में कन्या कौशल शिविर के माध्यम से बेटियों के कौशल को निखारा जा रहा है एवं उनकी प्रतिभा व योग्यता को समाज निर्माण में लगाने के उद्देश्य से कन्या कौशल शिविरो का आयोजन निरंतर देश भर में गायत्री परिवार कर रहा है। इसी कड़ी में महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में भी गायत्री परिवार शाखा देवास ने संपन्न किया।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में प्राचार्य भारतसिंह गोयल एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं माता सरस्वती का पूजन कर शिविर का शुभारम्भ किया । शिविर में गायत्री परिवार के जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले, सरिता पाटीदार, नीति श्रीवास्तव, लता खंडेलवाल ने सम्बोधित किया। गायत्री परिवार के सभी वक्ताओ ने कन्या के कौशल को निखारने के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए । कन्या कौशल शिविर को संबोधित करते हुए सरिता पाटीदार और नीति श्रीवास्तव ने कहा की बेटियां समाज की धुरी है बेटियां जैसा समाज की रचना करेंगी वैसा ही निर्मित समाज होगा।

बेटियों को गायत्री मंत्र की उपासना को नियमित करने की बात रखी, जिससे बेटियों का आत्मविश्वास कम ना हो। शिविर में युवा समन्वयक प्रमोद निहाले ने बेटियों से अपील की कि वे अपने पिता और भाईयों से नशा छुड़ाने के लिये प्रेरित करे ताकि परिवार की कड़ी मेहनत की कमाई नशे पर बर्बाद ना हो । बेटियां अपने जन्मदिन पर अपने पिता व भाईयों से उपहार में नशा छोड़ने मांग करें जिससे पूरे परिवार का भला होगा। आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार के ओ पी श्रीवास्तव, विक्रमसिंह चौधरी सहित कालेज के प्रोफेसर वर्षा जायसवाल, राम सितम, प्रतिक्षा चौहान, शैलेन्द्र वर्मा, सुभाष गुहा का विशेष योगदान रहा स कन्या कौशल शिविर का संचालन युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने किया एवं आभार प्रोफेसर कविता देशमुख ने माना।

# बागली विधायक ने शासकीय स्कूल का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली विधायक मुरली भंवरा द्वारा लगातार क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही स्कूलों का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जहां पर कई लापरवाही सामने आ रही है। शुक्रवार के दिन विधायक मुरली भंवरा ने शासकीय हाई स्कूल अगुर्ली का औचक निरीक्षण किया। जहां पर एक शिक्षक अनुपस्थित पाया गया। इस संबंध में विधायक द्वारा स्कूल प्राचार्य को संबंधित शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भंवरा ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्माण ठीक से नहीं करेगा तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

### एमपी बोर्ड व सीबीएसई की परीक्षा फरवरी में

**आष्टा।** एमपी बोर्ड के पश्चात सीबीएसई ने भी कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है ।दोनों परीक्षाएं फरवरी माह से प्रारंभ होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा तो मार्च में समाप्त हो जाएगी, लेकिन सीबीएसई की परीक्षा 2 अप्रैल तक होगी। विधानसभा चुनाव के कारण स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हुई है, विशेष कर सरकारी स्कूलों में ।अब शिक्षक कोर्स पूरा करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसके लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी लगाई जा रही है। राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा 5 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। इस परीक्षा के लिए अब 54 दिन ही बचे हैं। विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद अर्धवार्षिक परीक्षा आने के कारण 15 दिसंबर तक कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है । यह परीक्षाएं होते ही नियमित कक्षाओं के साथ अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन भी प्रारंभ हो जाएगा ।विधानसभा चुनाव में अधिकतर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगी थी। इस कारण पढ़ाई काफी प्रभावित हुई है ।अब इन शिक्षकों के सामने समय पर कोर्स पूरा कराने की चुनौती है। दूसरी तरफ मंगलवार को ही सीबीएसई ने वार्षिक परीक्षा टाइम टेबल जारी किया है ।कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से प्रारंभ होगी। कक्षा दसवीं की परीक्षा 13 मार्च को और कक्षा 12वीं की परीक्षा 2 अप्रैल को समाप्त होगी ।इस बार मार्च अप्रैल में लोकसभा चुनाव आचार संहिता लग सकती है, इसी को देखते हुए परीक्षा आयोजन जल्दी हो रहा है।

### धर्म करने से हर समस्या का हलः अभय मुनि

**आष्टा।** धर्म करने से हर समस्या का हाल हो जाता है।गुरु की वाणी पर श्रद्धा रखें, कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती। णमोकार महामंत्र की माला नित्य जपे।व्यसन करने वाले को शांति नहीं रहती। व्यसनी अपने आपको राजा समझता है। सच्चा त्याग गुरु चरणों में होता है। सच्चे मन से जप और तप करने वाले की दिशा बदल दी। धर्म त्याग,समय, श्रद्धा मांगता है। बिना श्रद्धा के धर्म लंगड़ा है। उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनि जी ने अपने आशीष वचन के दौरान कहीं। आपने कहा कि प्रतिक्रमण एकाग्रचितता से होता है। स्वयं के अंतर्मन को जगाना होगा। थोड़ा बलिदान करें।हर समस्या का समाधान है। णमोकार महामंत्र पर श्रद्धा कर आराधना करने से निदान है। गिरीश मुनि जी ने इस अवसर पर कहा कि संयम में जीव अच्छा है या संसार में जीना अच्छा। श्रद्धा दृढ़ होना बहुत जरूरी है ।धर्म ध्यान तो बाद में यह भाव कहीं पर जाने पर होते हैं जबकि कहीं बाहर जाते हैं तो कुछ धर्म नया करें ऐसा क्यों नहीं चाहते और शादी में जाते हैं तो कुछ नया खाने की तरफ जाते हैं और अगर दाल- रोटी खाकर आ जाते हैं तो हम ऐसा बोलते हैं कि अगर दाल- रोटी ही खाना थी तो घर पर ही खा लेते ।पर धर्म स्थान पर हम कुछ नया करने की क्यों नहीं सोचते ,इस पर चिंतन करना चाहिए।

#### बढ़ता जा रहा आवारा श्वानों का आतंक, सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

# नपा अमले ने महज दिखावे के लिए एक दिन चलाया श्वान पकड़ने का अभियान

नगर पालिका बनी उदासीन,आवारा कुत्तों को शहर से बाहर खदेड़ने में असफल। सीएम हेल्प लाइन शिकायत कर्ता पर शिकायत, नपा के जिम्मेदार शिकायत वापस लेने बना रही है दबाव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के कुछ वार्ड के नागरिक कई दिनों से आवारा कुत्तों एवं मवेशियों की धींगा मस्ती से परेशान है यह आवारा कुत्ते राह चलते वाहन चालकों एवं पैदल जाने आने वाले राहगीरों को भी काटने दौड़ते हैं । इसको लेकर शहर के कई वार्डों के नागरिक लंबे समय से परेशान है। आपको बता दे की शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शहर में कई स्थानों पर आवारा कुत्तों का झुंड लगातार घूम रहा है आलम यह है कि आवारा कुत्तों से परेशान होकर लोग सुबह व देर रात को घरों से निकलने से भी कतराने लगे हैं। वार्ड 12,17,18 के कई इलाकों में आवारा कुत्तों की भरमार है।

### नगर पालिका उदासीन, आवारा कुत्तों को शहर से बाहर खदेड़ने में असफल

लम्बे समय से आवारा कुत्तो के झुंड से परेशान नागरिकों ने सोशल मिडिया से लेकर मौखिक रूप जिम्मेदार अधिकारीयो को अवगत कराया था। लिहाजा नगर पालिका ने भी नागरीको की शिकायत पर आवारा कुत्ते पकड़ने का अभियान शूरू किया। लेकिन नगर पालिका का आवारा कुत्तों को पकड़ने के यह अभियान महज एक दिन में फुस्स हो गया और सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति बन गया। लिहाजा नगर पालिका आवारा कुत्तों को शहर से बाहर खदेड़ने में असफल रहीं!जिसके चलते नागरिकों को अब भी आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं मिल पाई।

### सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत को वापस लेने बनाया जा रहा दबाव

इधर आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से नागरिकों को अब सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेना पड़ रहा है। शहर के नागरिक आशीष सोनी ने सीएम हेल्पलाइन पर आवारा कुत्तों की शिकायत की तो अब नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी शिकायत कर्ता आशीष सोनी पर अपनी शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहें है। शिकायत कर्ता आशीष सोनी का तर्क है की हम लंबे समय कुत्तों के आतंक से परेशान है और हमारे बच्चों पर इन आवारा कुत्तों के हमले का डर सता रहा है इसलिए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की तो समस्या का निराकरण करने की बजाय उल्टा नगर पालिका शिकायत को वापस लेने के लिए दबाव बना रही है ऐसे में इन आवारा कुत्तों के झुंड ने किसी बच्चे या नागरिक पर हमला कर दिया तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

### पार्षद का बच्चा भी हुआ कुत्तों के हमले का शिकार, बच्चों में बना भय का माहोल

इधर शहर में आवारा कुत्तों का इस कदर आतंक बढ़ रहा है की अब नागरिकों को अपने बच्चों पर हमले का डर सता रहा है जहां दिन और रात में इन आवारा कुत्तों के भोकने और आपस में लड़ाई से नागरिकों को रहना दूभर हो गया है वहीं अब आवारा कुत्तों का यह झुंड़ बच्चों पर हमले कर काटने दौड़ रहे है। गौरतलब है की आवारा कुत्तों के हमले का स्थानीय वार्ड 17 की पार्षद अंजनी विशाल चौरसिया के पुत्र भी हों चुका है पार्षद अंजनी विशाल चौरसिया ने बताया की आवारा कुत्तों के झुंड ने कुछ दिनो पूर्व बेटे पर हमला कर घायल कर दिया था। जिसके बाद बेटे का अस्पताल में जाकर इलाज करवाया।वही पार्षद अंजनी विशाल चौरसिया ने बताया की कई बार नगर पालिका को अवगत करा चुके है लेकिन फिर भी आवारा कुत्तों का यह झुंड़ नगर में घूम रहा है और आवारा कुत्तों से नागरिकों में भय बना हुआ है।

### कलेक्टर बोले, में सीएमओ को बोलता हूं

इधर पुरे मामले पर सीहोर के संवेदनशील कलेक्टर प्रवीण सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा की पहले भी सोशल मीडिया के माध्यम से आवारा कुत्तों की शिकायत मिली थीं जिस पर तत्काल आष्टा सीएमओ को कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे यदि आवारा कुत्तों को शहर से बाहर नहीं किया गया है तो में सीएमओ को बोलता हू। जल्द ही नपा अमला समस्या का समाधान करेगा।

# नगर में तीन संजीवनी क्लीनिक स्वीकृत लेकिन तीनों पड़े आधे-अधूरे

**धीमी गति के कारण जल्द नहीं मिलेगा लाभ**



**आष्टा।** इंदिरा कॉलोनी बीआरसी के पास में बन रहा संजीवनी क्लिनिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मौसमी बीमारी व छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए लोगों को सिविल अस्पताल जाने से छुटकारा मिले, इसलिए प्रदेश शासन ने मोहल्ला संजीवनी क्लीनिक की नींव रखी थी। 19 माह पहले शासन ने जिले भर में क्लीनिक स्वीकृत किए, जिसमें आष्टा नगर में तीन संजीवनी क्लीनिक स्वीकृत होकर निर्माण कार्य चल रहा है।

लेकिन जिस गति से निर्माण कार्य होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने निकायों को राशि आवंटित कर दी, लेकिन हैरानी कि शासन का मोहल्ले में इलाज देने का सपना 19 माह बाद भी अधूरा है। कारण अभी तक तीनों क्लीनिक निर्माणाधीन हैं, इस योजना को पांच महीने में पूरा होना था। यानि समयावधि से 14 माह अधिक हो गए, फिर भी योजना अधूरी है।23 लाख रुपए की लागत से 3 हजार स्क्वायर फीट में बनने वाली क्लीनिक के निर्माण की जिम्मेदारी निकायों को दी गई है। संजीवनी क्लीनिक में एक डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और दो सर्पोटिंग स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। इसका संचालन स्वास्थ्य विभाग को करना है। नपा के इंजीनियरों की मानें तो शहर में पहले जमीन नहीं मिलने से काम शुरू नहीं हो सका बाद में अतिक्रमण हटवाने में समय लग गया। बावजूद इसके तीन पर ही निर्माण कार्य शुरू कराए जा सके ।

### शहर में धीमा चल रहा क्लीनिक का काम

शहर में तीन स्थानों पर बनाए जाने वाले संजीवनी क्लीनिक का काम धीमी रफ्तार से चल रहा है। कई स्थानों पर तो काम 6 महीने से ज्यादा समय से चल रहा है। बिजली कनेक्शन भी नहीं हुआ है। वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा कॉलोनी में बीआरसी के पास बन रहे संजीवनी क्लीनिक में अभी तक सिर्फ दीवारें हीं खड़ी हो सकी हैं।यहां भी निर्माण कार्य करीब पांच महीने से जारी है। यही स्थिति दो अन्य संजीवनी क्लिनिकों की है।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र सीहोर के तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी, महेश कुमार यादव उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सभी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांग जनों एवं सामान्य बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यकार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर के उपसंचालक महेश कुमार यादव की उपस्थिति में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता के प्रतिभागी को प्रमाणपत्र एवं शील्ड के पुरुष्कार का वितरण किया गया।

## दानदातागण और समाज के सहयोग से ही गौसेवा का संकल्प सफल हो सकता हैः पूर्व पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के समीप स्थित मां पार्वती धाम गौशाला गौ सेवा के क्षेत्र में संपूर्ण क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बना चुंकि हैं। जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगॉठ व अपने पूर्वजों की स्मृति में आयोजन मॉ पार्वती धाम गौशाला में मनाये जाते हैं।

दानदाताओ के सहयोग से करीब 150 से अधिक गौ माताओं के संरक्षण इस गौ शाला में किया जा रहा हैं। मॉ पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि मां पार्वती धाम गौशाला के सुचारू संचालन के लिए हमने परिवार के मांगलिक एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में मनाए जाने वालो आयोजनो को गौ सेवा के रूप में मनाए जाने का अभियान पिछले करीब 3 वर्षो से चलाया हुआ हैं, जिसकी परिणिति आज यह हैं कि आऐ दिन मांगलिक उत्सव में गौसेवा के रूप में नागरिकगण



शिरकत कर रहे हैं, जिससे गौसेवा का धार्मिक लाभ तो मिलता ही हैं, वह गौ सेवा के अभियान की समाज में चेतना फैल रही हैं। नगर के गौसेवा प्रेमी पप्पू कुशवाह बेरसिया, मृदुल पारख, विपिन सिंगी, दीपेश सिंगी, डॉ. रमेश अरोलिया, डॉ.पूनम वर्मा ने मॉ पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह के जन्मदिन पर गुल्लक भेट की। इस अवसर पर सुभाष सांवरिया, सुनिल प्रगति, नरेन्द्र पोरवाल, संजय जैन किला, संजय सुराणा, सुनिल कचनेरिया, नितिन सिंगी, अमरचंद कुशवाह आदि मौजूद थे।

## नपा ने नगर में चलाया क्लीन टॉयलेट अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्लीन टॉयलेट विशेष स्वच्छता अभियान 2 भारत सरकार द्वारा विशेष स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हेमकुंवर/ राय सिंह मेवाडा मुख्य नपा अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेश अनुसार निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय बस स्टैंड सभी शौचालय क्लीन टॉयलेट अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई की गई सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव और सौंदर्यकरण किया गया। शौचालय के साइड में बने यूरिनल की साफ-सफाई की गई। रखरखाव के लिए कैयर टेकर को जागरूक किया। विशेष क्लीन टॉयलेट साफ सफाई अभियान में युवाओं और सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भाग लिया और इस अभियान को सफल बनाया। क्लीन टॉयलेट विशेष स्वच्छता अभियान में एस आई विनोद सांगते, ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, रीतू सक्सेना, दरोगा राजेश घेंघट, जमादार पप्पू खरे, कर्मचारी गण राजेश, महेश, मोहन, अभिषेक उमाशंकर, अनुज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चालान बनाकर 30 हजार समन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

उच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है ।जिसके चलते अभी तक आष्टा पुलिस ने 70 चालान बिना सीट बेल्ट लगे एवं दो पहिया वाहन पर नियमों का उल्लंघन करने पर चालन बनाकर 30 हजार रुपए समन शुल्क वसूला है। नियमों का पालन नहीं करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर पुलिस जिले भर में अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। उप निरीक्षक कौशलेंद्र सिंह बघेल ने एसडीपी आकाश



मालाकार एवं नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देश पर पुलिस ने अभी तक 70 वाहन चालकों के चालान बनाकर 30 हजार रुपए समन शुल्क वसूला है। अभियान के दौरान उप निरीक्षक कौशलेंद्र सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक चंदरसिंह, जितेंद्र सोनी, राकेश सिंह, सैनिक सरदार सिंह, आरक्षक राहुल सिंह उपस्थित थे।

#### सर्दी के मौसम में स्थानीय आवक बढ़ने से हरी सब्जियों की कीमतों में हो रही गिरावट

# लोकल आवक से सब्जियां सस्ती, आलू 15, गोभी 10 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सर्दी के मौसम में स्थानीय आवक बढ़ने से हरी सब्जियों की कीमतों में गिरावट आई है। सभी प्रकार की सब्जियां 10 रुपए से लेकर 40 रुपए किलो तक बिक रही हैं, लेकिन लहसुन और अदरक के दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक सप्ताह पहले 200 रुपए किलो तक बिकने वाले लहसुन का दाम अब 120 रुपए किलो बढ़कर 320 रुपए प्रति किलो हो गया है। वहीं अदरक के दाम भी 160 रुपए प्रति किलो से नीचे नहीं आ रहे हैं।जबकि सर्दी के मौसम में लहसुन और अदरक की डिमांड ज्यादा होती है। लेकिन आवक की कमी के कारण लहसुन और अदरक के दाम बढ़े हुए हैं। इसके अलावा प्याज के दाम लगातार गिर रहे हैं। एक सप्ताह पहले 60 रुपए प्रति किलो तक बिकने वाला प्याज अब 35 रुपए प्रति किलो तक बिकने लगा है। वहीं नया आलू भी 15 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। सब्जी व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह का कहना है कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से स्थानीय आवक बढ़ने से सभी प्रकार कि सब्जियों के दामों में गिरावट आई है। इंदौर और भोपाल से सब्जियां आ रही है। वहीं शहर के आस-पास नानकपुर, खाचरोद से एवं 20 किमी दूर से ही नया आलू, टमाटर, गोभी, धनिया, पालक, मैथी सहित सभी



प्रकार की सब्जियां भी आने लगी हैं। जिस कारण कीमत कम हो गई है। दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह तक सब्जियों के दामों में और भी गिरावट होगी। नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि थोक बाजार में भी लहसुन की कीमत अधिक रही, प्याज नासिक वाला भी आ रहा है वहीं दूसरी ओर लहसुन आष्टा क्षेत्र की ही आ रही है।आज नीलामी में 4 हजार से 20 हजार रुपए तथा प्याज 1010 से 3300 रुपए क्विंटल नीलाम हुआ। लहसुन -प्याज के थोक विक्रेता मनोज कुशवाह ने बताया कि लहसुन की मांग अधिक होने से थोक में लहसुन की कीमत काफी अधिक बढ़ गई है। अभी नासिक का प्याज इंदौर से आ रहा है। थोक बाजार में भी लहसुन महंगा हो गया है। अभी थोक बाजार में ही लहसुन 4000 से 20 हजार रुपए किलो तक बिक रहा है। जबकि पिछले साल इस समय लहसुन का दाम 60 से 100 रुपए प्रति किलो तक था। वहीं किसानों का कहना है कि आने वाले दिनों में लहसुन की कीमत और बढ़ सकती है ,क्योंकि किसानों ने इस बार कम रकबे में लहसुन की बुवाई की है।

**खास बातें**

| सब्जी | पहले | वर्तमान |
|---|---|---|
| आलू | 30 | 15 |
| प्याज | 60 | 40 |
| टमाटर | 40 | 20 |
| बैगन | 30 | 20 |
| पत्ता गोभी | 40 | 20 |
| फूल गोभी | 30 | 10 |
| मैथी | 30 | 20 |
| पालक | 40 | 20 |
| चना भांजी | 30 | 20 |
| मटर | 50 | 30 |
| लहसुन | 200 | 320 |

## दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल से हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

सत्यम पाटीदार का भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ में दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों हुआ। इस अवसर पर युपी की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। उक्त सम्मान सत्यम पाटीदार ने 2022 में डाटा साइंस से एम टेक में टॉपर किया था उस हेतु मिला। इसके पूर्व सत्यम ने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर से बी.ई. किया था। वर्तमान में सत्यम बेंगलुरु में किनारा केपिटल (बैंक) में प्रिंसिपल डाटा साइंटिस्ट है। इसके पूर्व इन्टेल कम्पनी में डाटा साइंटिस्ट पद पर एक वर्ष कार्य कर चुके है। सत्यम पाटीदार, महेंद्र पाटीदार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष म प्र पाटीदार समाज संगठन के पुत्र है।

## समय पर राशि नहीं मिलने के चलते गौवंश की खुराक में आ रही परेशानी

# जिले की 128 गौशालाओं को 4 माह से नहीं मिली अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गौशालाओं में दर्ज गौवंश की खुराक सहित गौशालाओं के संचालन के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि जिले में बीते चार माह से जारी नहीं हो पाई है। अनुदान राशि नहीं मिलने के चलते गौशालाओं का संचालन करने वाले समूह एवं समितियों खासे परेशान हैं। एक-दो माह तक तो गौशाला की गायों की खुराक की व्यवस्था समूह एवं समितियों द्वारा दुकानों से उधार लेकर या अन्य जरियों से कर दी गई लेकिन अब परेशानी आ रही है।

हरिभूमि ने जब पड़ताल की तो पता चला कि अगस्त, सितंबर, अक्टूबर एवं नवंबर माह की अनुदान राशि गौशालाओं को नहीं दी गई है। जिन गौशालाओं में कम गायें हैं उनके आहार, खुराक की व्यवस्था तो गौशाला संचालकों ने कर दी है लेकिन ज्यादा संख्या वाली गौशाला के संचालक परेशान हैं। शासन द्वारा एक गौवंश की खुराक के लिए प्रतिदिन 20 रुपए प्रदान किए जाते हैं जबकि इससे कहीं अधिक राशि गाय की खुराक पर खर्च होती है। गौशाला समितियां अपने स्तर से दान राशि, चारा इत्यादि की व्यवस्था करके गौवंश का पेट भर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में अनुदान प्राप्त कुल 128 निजी एवं शासकीय गौशालाएं हैं।




### गौशाला संचालकों को आ रही परेशानी

चार महीने से अनुदान राशि नहीं मिलने पर गौशालाओं के संचालन में संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ संचालकों ने बताया कि हम अपने स्तर से गायों की खुराक की व्यवस्था कर लिया करते हैं लेकिन अब तो चार महीने हो चुके हैं। ऐसे में राशि की नितांत आवश्यकता है। गौशाला संचालकों की माने तो एक गाय की खुराक पर प्रतिदिन 70 से 100 रुपए की राशि व्यय होती है जबकि शासन द्वारा सिर्फ 20 रुपए प्रतिदिन के मान से राशि दी जाती है और वह भी समय पर नहीं मिल रही है।

### खुले में छोड़ दी गई हैं गायें

गौशालाओं मे जब गायों के खाने, पीने की व्यवस्था न होने पर कुछ गौशालाओं से गायों को खुले में छोड़ दिया गया है। यह गौवंष न केवल खेतों में पहुंचकर फसलों को खा रहा है बल्कि इस गौवंश के शहरों में आने से शहरों की यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। वहीं, हाईवे पर भी मवेशियों का जमावड़ा नजर आ रहा है।

### इनका कहना है...

अधिकारियों से वेरीफिकेशन के लिए परसों कलेक्टर साहब से लेटर साइन करवाया है। वेरीफिकेशन रिपोर्ट एवं डॉक्टर की मेडीकल रिपोर्ट आते ही राशि जारी कर देंगे। इसमें 10-15 दिन का समय और लग सकता है।

**- एमपी कुशवाह,** उप-संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, राजगढ़

# शासन के आदेश के बाद सीएमओ ने एसडीओपी के साथ की बैठक

## खुले में मांस व मछली का विक्रय करने वालों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 253, 254 तथा 255 एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 268 एवं 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विकय नहीं करने का प्रावधान दिया गया है।

नगरीय निकायों से अनुमति पत्र प्राप्त किये बिना अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में या निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त पशु, मांस तथा मछली का विकय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर गुरुवार को नगर पालिका में सीएमओ एलएस डोडिया एवं एसडीओपी अरविंद सिंह ने अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर अवैध नियम विरुध्द पशु, मांस तथा मछली का विकय किया जा रहा है, जिससे आवारा श्वानों की संख्या में वृद्धि तथा गंदगी फैलने की स्थिति निर्मित हो रही है। इससे ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वरन्‍ मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ रहा है। बैठक में नगर पालिका सीएमओ तथा एसडीओपी द्वारा टीम बनाकर बाजार में भेजा गया तथा जो दुकानदार लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली के विकय करने वालों को हिदायत दी गई साथ ही खुले में मांस की दुकान लगाने वालों की दुकाने बंद कराई तथा दुकान में साफ-सफाई समुचित हो, कचरे का निष्पादन समुचित हो, मांस विकय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शित कांच लगाया जाए। ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरूद्ध बिना अनुमति पत्र के या लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस अथवा मछली का विक्रय कर रहे हैं, उनके विरूद्ध नगरीय निकाय के अतिक्रमण निरोधी दस्ते, स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ सामन्जस्य स्थापित करके 15 से 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने वाले अतिथि को हटाने की मांग



## एनएसयूआई ने कॉलेज में की नारेबाजी

**राजगढ़।** विगत दिनों लीड महाविद्यालय में पदस्थ एक अतिथि विद्वान द्वारा कॉलेज की ही छात्रा के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे जाने का मामला उजागर हुआ था। इस बात को लेकर कॉलेज में उस समय जमकर हंगामा भी हुआ था। कॉलेज प्रबंधन द्वारा उक्त अतिथि विद्वान पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। चूंकि, छात्रा की तरफ से भी लिखकर नहीं दिया गया है ऐसे में संबंधित अतिथि पर पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इस मामले को लेकर एनएसयूआई पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गुरुवार दोपहर कॉलेज में जमकर नारेबाजी करते हुए संबंधित अतिथि विद्वान को हटाने की मांग रखी। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जगमोहन वर्मा ने बताया कि मामले में जो जांच समिति बनी है उसमें एनएसयूआई के साथ ही अभाविप के भी एक-एक प्रतिनिधि को रखने की मांग हमने रखी थी, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर कॉलेज प्रबंधन अतिथि विद्वान को कॉलेज से नहीं हटाता है तो बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## विधायक टेटवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की



**सारंगपुर।** विधायक गौतम टेटवाल ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से जिले के पांचों विधायकों के साथ बुधवार को सीएम हाउस भोपाल में भेंट की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, ब्यावरा विधायक नारायण सिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, खिलचीपुर हजारीलाल दांगी ने नई सरकार बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल ने बताया कि बाल्य काल से स्वयंसेवक, संगठन के प्रति अविचलित निष्ठा, अनवरत परिश्रम के प्रतीक मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह के साथ हम लोगों ने कई चुनाव में काम किया है। अपने कार्य के प्रति अटूट निष्ठा ही उनकी पहचान रही है। उन्हें पूर्ण विश्वास है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन जी यादव प्रगति एवं विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा जनकल्याण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचेंगे।

# आदेश का पालन: खुले में लग रही मांस मछली और अंडे की दुकान का अतिक्रमण नगर परिषद ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की है, जिसमें आज शुक्र वार को खिलचीपुर नाका पर अवैध रूप से मांस-मछली और अंडे की दुकानें संचालित हो रही थी। जिसे नगर परिषद प्रशासन की टीम द्वारा जेसीबी मशीन से हटाई गई है। हालांकि शासन प्रशासन के अमले को देखकर दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान हटाना शुरू कर दिया।

इस मामले में नगर परिषद सीएमओ मोहम्मद खान से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नगर में जहां भी खुले में अवैध रूप से मांस मछली ओर अंडे की दुकानें लग रही है, सभी को हटाया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर में यातायात का दबाव को देखते हुए शहर के रोड किनारे अवैध अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। बहरहाल खिलचीपुर नाका के यहां से इस तरह का अतिक्रमण हटाया गया है, वैसे देखा जाए तो सर्वाधिक यातायात का दबाव नगर के खिलचीपूर नाका,मचलपूर नाका ,इंदर चैराहे पर रहता है लेकिन अतिक्रमण के नाम पर मात्र औपचारिकता पूरी होती है। जब जब भी अतिक्रमण के नाम पर कार्रवाई होती है वह औपचारिकता में पूरी होती है।




### आमजनों ने इन दुकानों को हटाने पर तारीफ की

खिलचीपुर नाका से मांस अंडे इत्यादि की दुकान हटाने की लोगों ने प्रशंसा की एवं बताया कि नगर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिव मंदिर छांपी बांध पर स्थित है जब यहां से मंदिर की ओर जाते हैं तो उस समय बदबू का सामना करना पड़ता था जिससे हमें निजात मिली है।

# कार्रवाई: पेट्रोल पंप से चोरी जेसीबी पुलिस ने कोटा से की बरामद




**राजगढ़।** स्थानीय पुरोहित पेट्रोल पंप पर खड़ी जेसीबी मशीन को 30 नवंबर की रात्रि अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया था। मशीन मालिक जगदीश सौंधिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला पंजीबद्ध करते हुए पड़ताल आरंभ कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस जेसीबी को कोटा राजस्थान जाकर बरामद कर लिया है। चोरी की इस वारदात को 3 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक आरोपी की तलाश जारी है। घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त एक बाइक भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद की है। कार्रवाई में कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर, अनिल राहोरिया, नरेष मीणा, सागर मीना, लखन मीना, राजेंद्र मीना, इंद्रपाल सिंह, लोकेंद्र, पंकज सहित खिलचीपुर टीम के प्रवीण जाट, संतोष मंडलोई, समंदर भील, भगवान, सुनील, दुष्यंत, संदीप, अरषद सहित सायबर सेल के शषांक यादव एवं कुलदीप कुंभकार की भूमिका रही।




## मानस स्कूल के छात्र डालेन्द्र सिंह का राज्य स्तर पर हुआ चयन

**ब्यावरा।** 14 दिसंबर से शिवपुरी में आयोजित पांच दिवसीय मप्र राज्य स्तरीय हैंडबॉल-17 वर्ष बालक में मानस हायर सेकंडरी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 11वीं के छात्र डालेन्द्र सिंह परमार पिता उदयपाल सिंह परमार का चयन राजगढ़ जिले की ओर से भोपाल संभाग की टीम में शिवपुरी के लिए हुआ। डालेन्द्र सिंह का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता बरेली रायसेन मे बेहतर प्रदर्षन के दौरान हुआ। छात्र की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला क्रीड अधिकारी महेन्द्र सिंह परमार, देवेन्द्र सक्सेना, चंदा खान, संस्थाध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, कोच सुश्री विद्या चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# लाउड स्पीकरों और खुले में मांस की बिक्री को लेकर दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

धार्मिक स्थलों पर डीजे, लाउड स्पीकरों की तेज आवाज से आमजनों को होने वाली परेशानियों को लेकर राज्य शासन ने बुधवार को अहम निर्देश प्रसारित किए हैं। इसके साथ ही मटन, चिकन आदि मांस की खुले में बिक्री को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में गुरुवार शाम थाना कोतवाली परिसर में एसडीएम गुलाब सिंह बघेल, एसडीओपी, थाना प्रभारी वीर सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की उपस्थिति में सभी धर्मों के प्रमुख लोगों एवं मांस व्यवसायियों, दुकानदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि खुले में मांस की दुकानों का संचालन न किया जाए। ऐसी दुकानों अपारदर्षी कपड़े से ढंकी होनी चाहिए इसके साथ ही दुकानदारों को साफ-सफाई का भी पूर्णरूपेण ध्यान रखना होगा। धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकरों का उपयोग भी निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार ही किए जाने को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई एवं निर्देश प्रसारित किए गए।




## 40 दिन में 29 सीजर करने वाली महिला गायनिक को किया जिला अस्पताल में अटेचमेंट

# कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल सहित 2 सोनोग्राफी सेंटर शील्ड, गायनिक का हुआ अटेचमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कभी-कभी अच्छा और ज्यादा काम करना भी आपकी परेशानी का कारण बन सकता है। ओपीडी में बैठना और सिविल हॉस्पिटल में


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र.

प्रसूताओं के सीजर होने से कई लोगों को मिलने वाला कमीशन एवं निजी हॉस्पिटल की कमर तोड़ने वाली डॉक्टर को मामूली सी शिकायत पर आखिरकार जिला मुख्यालय पर अटेचमेंट कर दिया गया। सिविल हॉस्पिटल में प्रसूताओं को रेफर करना और नवजातों की मौत के किस्से यूं तो आम ही थे। कई गर्भवती महिलाएं परेशान होती रही परंतु 28 जुलाई 23 को डॉ मोनिका जैन ने गायनिक डॉक्टर के तौर पर सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में ज्वाइन किया। हालांकि वहीं पर पिछले 10 सालों से जमे हुए एक और गायनिक डॉक्टर आरके जैन भी हैं परंतु उनका व्यवहार किसी से छुपा नहीं है। वहीं कुछ दिन पूर्व ही प्रसूता की रेफर और मौत के बाद चर्चा में आए शहर के रेल्वे रोड तिराहे पर कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल में जब सीएमएचओ ने निर्देश पर निरीक्षण किया गया तो वहां पर भी अनयिमितता देखने को मिली।




### सीनियर डॉक्टर भी रहे पीछे,

### डॉ मोनिका ने किए 40 दिन में 29 प्रसूताओं के सीजर

जून से लेकर अभी तक प्रसूताओं के सीजर देखे जाए, तो सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में कुल 53 सीजर हुए हैं। जिसमें डॉ मोनिका जैन ने अगस्त 23 से लेकर अभी तक अपने अल्प कार्यकाल में काम करते हुए जहां 40 दिनों में 29 प्रसूताओं के ऑपरेशन किए। वहीं 10 वर्षों से जमे हुए डॉ आर के जैन ने 100 दिनों में मात्र 24 ऑपरेशन ही किए। यहां पर यह उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि पिछले 1 माह से ऑपरेशन असिस्टेट छुट्टी पर होने के कारण सीजर करना मुश्किल हो था। वहीं ऐनेस्थेटिक भी कई दिनों से छुट्टी पर चल रहे हैं।

### कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल व क्यूरियस डायग्नोस्टिक ब्यावरा के सोनोग्राॅफी चेम्बर हुई शील्ड

अनुविभागीय अधिकारी ब्यावरा मोहिनी शर्मा एवं राजगढ़ सीएमएचओ डॉ किरण बाडिया द्वारा 7 दिसंबर को किए गए औचक निरीक्षण के बाद ब्यावरा के सोनोग्राफी सेटर क्यूरियस डायग्नोस्टिक को डॉक्टर न होने के बाद भी सेंटर खोलकर बैठा हुआ था जिस पर चेम्ब्र को शील्ड कर दिया गया। वहीं पर कनेक्टेड केयर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में भी न ही तो मशीन ही थी और न ही डॉक्टर। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हॉस्पिटल का चेम्ब्र भी शील्ड कर दिया है।

## मत्स्य संपदा योजना के लिए 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**राजगढ़।** जिले में मतस्य पालन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं समस्त जाति, वर्ग की महिलाओं को ईकाई लागत का 60 फीसदी व सामान्य वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष हितग्राहियों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। मत्स्योद्योग सहायक संचालक भारत सिंह मीना ने बताया कि मतस्य बीज उत्पादन हेतु बीज उत्पादन हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्य बीज संवर्धन हेतु पोखर, तालाब निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, इनपुट्स क्रयकरण व्यय मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेसियस मछली पालन, तिलापिया मछली पालन हेतु इनपुट्स की व्यवस्था सहित, रंगीन मछलियों की ब्रीडिंग एवं रियरिंग के लिए इकाई की स्थापना, पुनः संचारी जल कृषि प्रणाली की स्थापना, बायोफ्लोक स्थापना, आईएस बॉक्स युक्त मोटर साईकिल, ई-रिक्षा, रेफ्रीजरेट ट्रक, जलाशय में कंज, पेन, स्थापना, फिश मिड मिल प्लांट, मछली विक्रय केंद्र कियोस्क का निर्माण के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।

# परेशानी: नगर परिषद पानखेड़ी के वार्ड 2 के रहवासी कई वर्षों से रास्ते के लिए भटक रहे दर-दर

**कालापीपल।** नगर परिषद पानखेड़ी में तहसीलदार कैलाश सस्ताया के सामने वार्ड 2 की महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन किया। वार्ड 2 की महिलाओं ने पूर्व में वार्ड नंबर 2 स्थित कॉलोनी में जाने का रास्ता नहीं होने से 100 से अधिक घरों के रहवासी पूर्व में कलेक्टर से लेकर जनप्रतिनिधि मंत्री विधायक से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

बता दें इस वार्ड में निजी भूमि से आने-जाने का रास्ता अब निजी भूमि स्वामियों ने रास्ते को बंद कर दिया। अब रास्ता न मिलने से लोग परेशान हैं। नगरीय चुनाव में भी अध्यक्ष द्वारा इन वार्ड वासियों से वादे किए गए थे कि हम रास्ते का निराकरण कर देंगे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष ने भी इस रास्ते का निराकरण नहीं करवा पाए। अब वार्ड वासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया। इस वार्ड के लोग लगभग 15 वर्षों से रास्ते के लिए परेशानी हो रहे हैं। शुक्रवार को एक बार फिर मजबूरीवंश रहवासी तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार कैलाश ससत्या के सामने जाकर बैठ गए। करीब 20 मिनट तक धरना जारी रहा। निजी भूस्वामियों से रास्ता लेकर समस्या निराकरण का प्रयास करने आश्वासन दिया।

